फा. सं-12016/03/2026- रा.भा (का.2)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग (का.2)
***

बी विंग, चतुर्थ तल, एन.डी.सी.सी.-2 भवन,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक- 21 अगस्त, 2026

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय: हिन्दी दिवस, 2026 एवं छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में सहभागिता हेतु पंजीकरण के संबंध में।**

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा मुंबई, महाराष्ट्र में आयोजित होने वाले हिन्दी दिवस, 2026 एवं छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन हेतु देशभर से प्राप्त अभूतपूर्व उत्साह एवं बड़ी संख्या में किए गए पंजीकरण के लिए सभी प्रतिभागियों एवं संबंधित संगठनों का हार्दिक आभार व्यक्त किया जाता है।

2. पंजीकरण की निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के उपरांत भी विभाग को प्रतिभागियों के नामांकन/पंजीकरण हेतु निरंतर बड़ी संख्या में ई-मेल प्राप्त हो रहे हैं। इस संबंध में अवगत कराना है कि सम्मेलन हेतु विभाग द्वारा उपलब्ध क्षमता से अधिक पंजीकरण पूर्व में ही किया जा चुका है।

3. अतः आयोजन स्थल की सीमित क्षमता तथा उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखते हुए सभी मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों/उपक्रमों एवं अन्य संबंधित संगठनों से विनम्र अनुरोध है कि **अब सम्मेलन में सहभागिता हेतु नए नामांकन अथवा पंजीकरण के संबंध में कोई ई-मेल विभाग को न भेजें।**

सम्मेलन के प्रति प्रदर्शित आप सभी के उत्साह, सहयोग एवं सहभागिता की भावना के लिए पुनः हार्दिक धन्यवाद।

संतोष
21/8/26
(संतोष गुप्ता)
अनुसंधान अधिकारी (कार्यान्वयन)

प्रति:

भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/कार्यालय/उपक्रम/बैंक/स्वायत्त संस्थान आदि।